# प्रेस नोट

# जनपद मुजफ्फरनगर दिनांक 19.04.2025

➢ **थाना खतौली पुलिस दवारा 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

**दिनांक 18.04.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री आरिफ अली मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 572/9/10 धारा 7/16 पी एफ एक्ट में वारण्टी अभियुक्त मोहम्मद अनीस पुत्र अब्दुल निवासी ग्राम इस्लामाबाद भूड़ थाना खतौली मु0नगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।**

**दिनांक 18.04.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उनि0 श्री प्रताप सिंह सोलंकी मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 4438/9/17 धारा 324/323/5060भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1 राजपाल पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम राम नगर थाना खतौली मु0नगर 2. अरुण पुत्र वीर सिंह नि0 ग्राम राम नगर थाना खतौली मु0नगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।**

➢ **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

**दिनांक 18.04.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय तोमर मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 1424/19 धारा 380 भादवि में वारण्टी अभियुक्त इरसाद पुत्र मंगला निवासी निरधना थाना चरथावल मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।**

➢ **थाना सिखेडा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

**दिनांक 19.04.2025 को थाना सिखेडा पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामकुमार शर्मा मय हमराहिगण द्वारा वाद सं0 1624/9/16 मु0अ0सं0 608/12 धारा 147/452/504/506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त कोमल पुत्र रघुराज सिंह निवासी ग्राम बहादरपुर थाना सिखेडा जिला मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।**

➢ **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

**दिनांक 19.04.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिवराज सिंह तोमर मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 23/18 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 में वारण्टी अभियुक्त प्रदीप पुत्र कर्मसिंह निवासी मौहल्ला द0चमारान थाना पुरकाजी मुजफ्फरनगर व वाद संख्या 3287/18 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 में वारण्टी अभियुक्त कादिर पुत्र गुलजार निवासी मौहल्ला जाटान थाना पुरकाजी मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।**

➢ **थाना फुगाना पुलिस द्वारा गैंगस्टर अभियोग में वांछित 03 अभियुक्ताओं सहित 05 अभियुक्तगण गिरफ्तार। -**

**दिनांक 19.04.2025 को थाना फुगाना पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री सतवीर सिंह मय म0का0 1416 सोनम कुमारी मय हमराहिगण द्वारा थाना फुगाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0-33/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 01- शोएब पुत्र शहीद नि0 ग्राम जोगियाखेडा थाना फुगाना, मुजफ्फरनगर 02- शादाब उर्फ आस मौहम्मद पुत्र शहिद नि0 ग्राम जोगियाखेडा थाना फुगाना, मुजफ्फरनगर 03- शबनम उर्फ रानी पत्नी शादाब नि0 ग्राम जोगियाखेडा थाना फुगाना, मुजफ्फरनगर 04- तबस्सुम पत्नी शोएब नि0 ग्राम जोगियाखेडा थाना फुगाना, मुजफ्फरनगर 05- कु0 शहजादी पुत्री शहीद नि0 ग्राम जोगियाखेडा थाना फुगाना, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।**

➢ **थाना खतौली पुलिस अवैध शस्त्र व गौकशी के उपकरणों की बरामदगी हेतु लाये गये अभियुक्त को दौराने पुलिस मुठभेड किया घायल/गिरफ्तार, अभियुक्त द्वारा बरामदगी के दौरान पुलिस टीम पर की गयी थी जान से मारने की नीयत से फायरिंग-**

**दिनांक 18.04.2025 को थाना खतौली पुलिस को गंगनहर पटरी, सठेड़ी पुल के पास 01 कंटेनर, जिसमें अमानवीय तरीके से गौवंश भरे हुए थे जिनमें से 09 गौवंस की मृत्यु हो चुकी थी, खड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर थाना खतौली पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए कंटेनर तथा कंटेनर के कंडक्टर इमरान पुत्र रियासत निवासी 159 , पोती कलन पावती कला थाना कैराना जनपद शामली को कब्जा पुलिस में लिया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना खतौली पर मु0अ0स0 155/25 धारा 3/5क/8 सीएस एक्ट व 11घ पशु क्रूरता अधि0 पंजीकृत किया गया था । गिरफ्तार अभि0 इमरान उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो अभि0 इमरान उपरोक्त ने गंगनहर पटरी पर मन्दिर के पास गौकशी के उपकरण व अवैध असलाह छिपा कर रखना बताया गया था ।**
**थाना खतौली पुलिस टीम अभियुक्त द्वारा बताए गए अवैध शस्त्र तथा गोकशी के उपकरणों की बरामदगी की उम्मीद में अभि0 इमरान उपरोक्त को साथ लेकर गंगनहर पटरी पर पहुचें तो गिरफ्तारशुदा अभि0 इमरान उपरोक्त द्वारा 01 प्लास्टिक के कट्टे से (जिसमें गोकशी के उपकरण होना बताया) अवैध तमन्चा निकालकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने का प्रयास किया गया । अभियुक्त द्वारा किए गए फायर से पुलिस टीम बाल-बाल बची तथा आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें बदमाश इमरान उपरोक्त घायल हो गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर एवं गौकशी के उपरकण बरामद किये गये।**

➢ **थाना खालापार पुलिस दवारा अवैध शस्त्रों की खरीद फरोक्त करने वाले गिरोह के 11 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में अवैध सस्त्र मय कारतूस, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल व कार बरामद-**

**दिनांक 19.04.2025 को थाना प्रभारी खालापार श्री महावीर सिंह चौहान मय उ0नि0 श्री लोकेश कुमार गौतम मय हमराहिगण द्वारा अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त करने वाले अभियुक्तगण 1- रोबिन पुत्र सुभाष निवासी शोबापुर थाना कंकरखेडा जिला मेरठ 2- रोहित पुत्र सुभाष निवासी शोबापुर थाना कंकरखेडा जिला मेरठ 3- अभय पुत्र राजकुमार निवासी मौहल्ला मंडी चमारान सरधना थाना सरधना जिला मेरठ 4- विशाल पुत्र पवन कुमार निवासी भमोरी थाना सरधना जनपद मेरठ 5- विशु पुत्र वीरेन्द्र**

निवासी मौहल्ला मंडी चमारान सरधना थाना सरधना जिला मेरठ 6- कर्ण पुत्र कुशलपाल निवासी रेडाकला थाना बडगाँव जिला सहारनपुर 7- कबीर पुत्र खुर्शीद निवासी मौहल्ला सैठपुरी भौकरहेडी थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर 8- विवेक पुत्र कुलदीप निवासी गोटका सरूरपुर मेरठ 9- प्रमोद पुत्र वीर सिंह निवासी गोटका सरूरपुर मेरठ 10- जितेन्द्र पुत्र वीर सिंह निवासी मुजाहिदपुर थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर 11- उजैफा पुत्र सरताज निवासी मौहल्ला लाल मौहम्मद थाने के पीछे थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर शामली रोड पर बने नये फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 08 अवैध पिस्टल .32 बोर, 03 अवैध तमंचे 315 बोर, 04 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 ब्रेजा कार यूपी15 ईएस 3576 (अवैध शस्त्रों के परिवहन में प्रयुक्त), 01 वैगन-आर कार यूपी15 ईएम 7655(अवैध शस्त्रों के परिवहन में प्रयुक्त), 01 यामहा आर-15 मोटरसाईकिल यूपी15 ईके 6581(अवैध शस्त्रों के परिवहन में प्रयुक्त), 11 मोबाईल फोन (विभिन्न कम्पनियों के) बरामद किये गये। अभियुक्तगण से बरादमदगी के सम्बन्ध में थाना खालापर पर मु0अ0सं0- 71/2025 धारा 3/5/9/25/26(2)/29/35 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक सिंह महोदय द्वारा अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 15000/- रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

➢ **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 19.04.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 835/2021 मु0अ0स0 15/2021 धारा 136/137 विद्युत अधि0 व वाद संख्या 837/2021 मु0अ0स0 40/2021 धारा 136/137 विद्युत अधि0 में वारण्टी अभियुक्त अक्षय पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम मन्धेडा थाना शाहपुर जनपद मु0नगर, वाद संख्या 50/2019 मु0अ0स0 440/2019 धारा 279/338 भादवि में वारण्टी अभियुक्त इमरान पुत्र नाजिम निवासी ग्राम सोरम थाना शाहपुर जनपद मु0नगर, वाद संख्या 5181/2012 मु0अ0स0 452/12 धारा 420/471/120बी भादवि में वारण्टी अभियुक्त जुल्फकार पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम बसधाडा थाना शाहपुर जनपद मु0नगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **<u>थाना भोपा पुलिस दवारा 02 वाहन चोर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की गयी कार व अवैध शस्त्र बरामद-</u>**

दिनांक 19.04.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 राजदीप सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0सं0 122/25 धारा 305(बी) बी0एन0एस0 का सफल अनावरण करते हुए 02 चोर अभियुक्तगण 1. दीपक पुत्र अजीत निवासी विभीषा थाना कांधला जिला शामली 2. विशेषपाल पुत्र सुरेशपाल निवासी पावटी थाना कैराना जनपद शामली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित चोरी की गयी ईको कार नं0 DL 6 CR 3863 व घटना मे प्रयुक्त एक वेगेनार कार नं0 DL 12 CJ 3781 एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज व एक अदद चाकू नाजायज बरामद किये गये।